an>

Title: Need to provide basic facilities to the tribals living around Didiyapada in Bharuch, Gujarat.

श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा (भरूच) : माननीय सभापति जी, मेरे लोकसभा क्षेत्र भरूच में नर्मदा जिले को रिजर्व फॉरेस्ट सेंग्चूएरी एरिया घोषित है। हाल ही में इसको ईको सेंसिटिव ज़ोन भी घोषित किया गया है। इस क्षेत्र में पक्की सड़कें, छोटे पुल और बिजली जैसी मानव जीवन के लिए जरूरी आधारभूत सुविधाएँ नहीं हैं। झकड़िया, राचिपला, नेतरंग और डेड्यापाड़ा गाँवों के लगभग 50 आदिवासी लोगों को ये सुविधाएँ नहीं मिल पाई हैं। इस कारण वहाँ के आदिवासी लोग बहुत मुश्किल में हैं।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार और पर्यावरणवादियों से रिक्वेस्ट करना चाहता हूँ कि हम वन्य जीवों और पर्यावरण का समर्थन करते हैं, किंतु कई सदियों से वनों में जो आदिवासी रह रहे हैं, उनका भी मानवता की दृष्टि से पूर्ण विकास होना चाहिए। मैं यह माँग करता हूँ कि आने वाले समय में रिजर्व फॉरेस्ट सेंग्चूएरी एरिया और ईको सेंसिटिव ज़ोन में किया जाए और पूरी ट्राइबल बेल्ट को समान रूप से डेवलप किया जाए।

माननीय सभापति : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल एवं

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री निहाल चन्द।